**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 23.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में चलाया गया सघन जागरुकता कार्यक्रम। बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/महिलाओं को एकत्रित कर उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम आज दिनांक 23.09.2025 को मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम तेरहीमाफी में, थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा बदौसा में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा महर्षि विद्यापीठ पटेल बालिका इंटर कॉलेज बबेरु में, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सिंधनकलां में, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा मां विंध्यवासिनीधाम मन्दिर में, थाना बिसण्डा की मिशन शक्ति टीम द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा पार्वती महाविद्यालय डिग्री कॉलेज कस्बा नरैनी में, थाना मटौन्ध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौन्ध में, थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा अतर्रा के बैंकों में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा डॉ0 भीमराव अम्बडेकर इंटर कॉलेज ग्राम अमारा में वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाया गया।